7.1.1 - Measures initiated by the Institution for the promotion of gender equity during the year

नभ-छोर

हिसार, शुक्रवार, 29 अप्रैल 2022

दांतों से संबंधित समस्याओं को नजर अंदाज न करें : डॉ. सागू

हिसार/ 29 अप्रैल/ रिपोर्टर

स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में रैड क्रॉस, रैड रिबन, एनएसएस, एनसीसी एवं महिला प्रकोष्ठ द्वारा फ्री डेंटल चैकअप कैंप का आयोजन किया गया। दंत कांति डेंटल क्लिनिक के डॉ. दीपिका सागू एवं डॉ. विपुल सागू द्वारा छात्राओं के दांतों की जांच की गई। इस अवसर पर डॉ. दीपिका ने कहा कि हमें दांतों से संबंधित समस्याओं को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए, किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत अपना चैकअप करवाना चाहिए एवं डॉक्टर के परामर्श के अनुसार ही अपना ईलाज कराना चाहिए। डॉक्टर दीपिका ने बताया कि हमें एक ही तरह के पेस्ट को बहुत लंबे समय तक इस्तेमाल करना नहीं चाहिए। दो बार दिन में ब्रश करना, बहुत अधिक समय तक एक ही टूथब्रश को इस्तेमाल न करना, दांतों की साफ-सफाई रखना आदि छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर हम अपने दांतों को स्वस्थ बना सकते हैं। उन्होंने दांतों से संबंधित समस्याएं, उनके रख-रखाव, दांतों में सेंसिटिविटी आदि विषयों पर छात्राओं को उचित परामर्श दिया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने बताया कि कैंप में लगभग डेढ़ सौ छात्राओं ने अपना डेंटल चैकअप करवाया।

नभ-छोर

हिसार, वीरवार, 05 मई 2022

एफसी कॉलेज में छात्राओं को करवाया ध्यान योग से अवगत

हिसार/ 05 मई/ रिपोर्टर

फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने मुख्य व्यक्ता सुरेन्द्र आर्या का अभिनन्दन करते हुए कहा कि ध्यान योग प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग होना चाहिए। सुरेन्द्र आर्या ने छात्राओं को ध्यान योग से अवगत कराया तथा ध्यान में आने वाली बाधाओं के निवारण के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि ध्यान से हम किस प्रकार आध्यात्मिक शांति प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान विभाग की अध्यक्षा सुषमा गांधी, शारदा रानी, अंजु मलिक, अंजु बाला, संतोष रानी, रिंकू, सुदेश कुमारी उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर

हिसार, गुरुवार 28 अप्रैल, 2022

फतेहचन्द महिला कॉलेज में छात्राओं की समस्याओं का किया समाधान

सिटी रिपोर्टर • स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में रेडक्रॉस इकाई, रेड रिबन क्लब और महिला प्रकोष्ठ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्या किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने अतिथि सावित्री वर्मा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति का स्वागत किया। सावित्री वर्मा ने संबोधन किया तथा डॉ. प्रीति ने छात्राओं की व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की।

एफसी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते कॉलेज के पदाधिकारी।

योग से मानसिक व आध्यात्मिक विकास भी होता है : डॉ. सहरावत

सिटी रिपोर्टर • फतेहचंद महिला कॉलेज के योग विभाग द्वारा एचएयू से प्रो. सुशील लेगा ने मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने छात्राओं को कहा कि योग द्वारा शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक व आध्यात्मिक विकास भी होता है। इस दौरान योग विभाग अध्यक्षा सुषमा गांधी व प्राध्यापिकाएं शारदा रानी, अंजु मलिक, अंजु बाला, संतोष रानी, रिंकू, सुदेश कुमारी उपस्थित रहीं।

दैनिक जागरण हिसार, 16 अप्रैल, 2022

एफसी कालेज की छात्राओं को साइबर अपराधों के बारे में किया गया जागरूक

आइजी। • जागरण आर्काइव

जागरण संवाददाता, हिसार : हिसार मंडल के साइबर क्राइम थाना की तरफ से आइजी राकेश आर्य के आदेशों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को साइबर थाना के पुलिसकर्मियों ने एफसी कालेज में कालेज स्टाफ और छात्राओं को साइबर अपराधों बारे जागरूक किया। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म सुरक्षा, आनलाइन बैंकिंग धोखाधड़ी, लाटरी धोखाधड़ी, इंटरनेट मीडिया गोपनीयता नीति, ओएलएक्स या अन्य आनलाइन शापिंग एप पर सामान खरीदते और बेचते समय रिक्वेस्ट मनी लिंक का इस्तेमाल न करने की जानकारी दी। इसके साथ एटीएम मशीन में रुपये निकालते समय किसी अंजान व्यक्ति से सहायता न लेने, फेसबुक, इंस्टाग्राम, वाटसएप आदि इंटरनेट मीडिया के खाता के माध्यम से बिना वैरिफाइ करें रूपये न भेजने के बारे में भी जानकारी दी गई। इंटरनेट मीडिया खातों के पासवर्ड भी समय-समय पर बदलने आदि विषयों बारे विस्तृत जानकारी दी गई।

साइबर क्राइम के बारे में कालेज छात्राओं को जागरुक करते हुए पुलिसकर्मी । • सौ. स्वयं।

नभ-छोर
हिसार, सोमवार, 18 अप्रैल 2022

मृदा को संरक्षित रखने के लिए छात्राओं को किया जागरूक

हिसार/ 18 अप्रैल/ रिपोर्टर

स्थानीय फतेहचंद महिला महाविद्यालय में इको क्लब, रैडक्रॉस, एनएसएस, एनसीसी, रैड रिबन, महिला प्रकोष्ठ एवं ईशा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मृदा संरक्षण विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. वेद कुमार फौगाट व ईशा फाउंडेशन एवं विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं के कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मिट्टी एक अमूल्य प्राकृतिक संसाधन है, जिस पर सम्पूर्ण प्राणी जगत निर्भर है। मानव अपने स्वार्थ के कारण मिट्टी को दूषित कर रहा है। इसके कारण प्राकृतिक संसाधनों को नुकसान हो रहा है। यदि हम समय पर जागरूक नहीं हुए तो जीवन को सक्षम बनाए रखने वाले संसाधनों को खो देंगे। स्वच्छ पानी, स्वच्छ हवा और स्वच्छ भोजन के बिना प्राणी जीवन पर खतरा मंडराने लगेगा। मुख्य वक्ता डॉ. फौगाट ने मृदा के महत्व एवं मनुष्य जाति के लिए उसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे मिट्टी को सुरक्षित रखें एवं इसे दूषित होने से बचाएं। रिडयूज, री-यूज, री-साईकिल के मंत्र को अपनाकर ही हम अपने भविष्य को संवार पाएंगे। ईशा फाउंडेशन के कार्यकर्ता दीप भल्ला, डॉ. शिवांशी, निधि सहगल, मोहित, सिद्धार्थ एवं अमित ने फर्टिलाइजर से हो रहे नुकसान और किस प्रकार धीरे-धीरे मिट्टी की उपजाऊ क्षमता कम हो हो रही है, इस विषय पर चर्चा की। संस्था हरी-भरी वसुंधरा की अध्यक्षा सुनीता रहेजा ने पर्यावरण बचाने और मृदा को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। हमारा प्यारा हिसार के अध्यक्ष सुशील कुमार खरींटा, स्वच्छ हवा सबका अधिकार की अध्यक्षा सुनीता महतानी, वानप्रस्थ क्लब के अध्यक्ष डॉ. जेके डांग एवं मीडिया एजुकेटर डॉ. प्रज्ञा कौशिक ने भी आने वाले समय में धरती, पर्यावरण और मृदा को संरक्षित रखने के लिए छात्राओं को जागरूक किया।

दैनिक भास्कर
हिसार, गुरुवार 28 अप्रैल, 2022

फतेहचन्द महिला कॉलेज में छात्राओं की समस्याओं का किया समाधान

सिटी रिपोर्टर • स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में रेडक्रॉस इकाई, रेड रिबन क्लब और महिला प्रकोष्ठ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्या किया गया। प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने अतिथि सावित्री वर्मा हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार से वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति का स्वागत किया। सावित्री वर्मा ने संबोधन किया तथा डॉ. प्रीति ने छात्राओं की व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भागीदारी की।

एफसी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों को सम्मानित करते कॉलेज के पदाधिकारी।

योग से मानसिक व आध्यात्मिक विकास भी होता है : डॉ. सहरावत

सिटी रिपोर्टर • फतेहचंद महिला कॉलेज के योग विभाग द्वारा एचएयू से प्रो. सुशील लेगा ने मानव शरीर रचना एवं क्रिया विज्ञान के बारे में जानकारी दी। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने छात्राओं को कहा कि योग द्वारा शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक व आध्यात्मिक विकास भी होता है। इस दौरान योग विभाग अध्यक्षा सुषमा गांधी व प्राध्यापिकाएं शारदा रानी, अंजु मलिक, अंजु बाला, संतोष रानी, रिंकू, सुदेश कुमारी उपस्थित रहीं।

नभ-छोर
हिसार, बुधवार, 11 मई 2022

एफसी कॉलेज में छात्राओं को करवाया योग, एरोबिक्स

हिसार/ 11 मई/ रिपोर्टर

आठवें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्या सावंत ने स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में प्रातः 6 बजे योग, एरोबिक्स, संगीत एवं योग के अनूठे संगम के साथ छात्राओं को अभ्यास करवाया। उन्होंने छात्राओं को दैनिक आहार एवं प्राणायाम संबंधी विशेषताओं से अवगत करवाया। प्राचार्या डॉ. अनिता सहरावत ने हृदयतल से मुख्य वक्ता डॉ. सत्या सावंत का धन्यवाद किया। सत्र के दौरान योग विभाग अध्यक्षा सुषमा गांधी, मीनाक्षी महाजन व योग विभाग की अन्य प्राध्यापिकाएं शारदा रानी, अंजू मलिक, संतोष रानी, अंजू बाला, रिंकू व सुदेश कुमारी उपस्थित रहे।

पंजाब केसरी
HISSAR • SUNDAY • 8.5.2022

कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

शिविर में रक्तदान करती छात्राएं।

हिसार, 7 मई (ब्यूरो): स्थानीय फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में विश्व रैडक्रास दिवस एवं वर्ल्ड थैलेसीमिया दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान महादान इस विचार को सार्थक करते हुए महाविद्यालय की रैडक्रॉस, एन.सी.सी., एन.एस.एस., रैड रिबन एवं महिला प्रकोष्ठ इकाइयों ने डॉ. रिचा नैन (ब्लड बैंक इंचार्ज) एवं अग्रोहा मैडीकल कॉलेज की टीम एवं रैडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में इस कैंप का आयोजन किया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी महाजन ने बताया कि इस शिविर में 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

- Facility of common room and day care center



Session of trainings, workshops, extension lectures

Infinix AI CAMERA

INDIAN MEDICAL ASSOCIATION
Mission Pink Health

3 HARYANA GIRLS BN

National Service Scheme
Not Me But You
F.C. College For Women
F.C. COLLEGE FOR WOMEN HISAR
HEALTH

Measures to Promote Gender Sensitization

Measures to Promote Gender Sensitization the College has taken the following important measures for promotion of gender equality in the college campus:

1. Surveillance through CCTV Cameras at various places in the college premises to ensure safety and security of students in general and girl students in particular.

2. Facilities of separate common rooms for girls and separate washrooms for male and female students and staff members.

3. The college has various committees like Women Development Centre, Legal Literacy Cell, Students Grievances Cell, Internal Complaints, Anti-Sexual Harassment Committee, Anti-Ragging Committee, and Mentor-Mentee groups. All these Committees are headed by senior faculty members. These work in coordination with each other to guide, counsel and sensitize the students about gender equality and equal rights.

4. The college has a proper Grievances Redressal Committee for its stakeholders where they can register their problems and complaints for quick redressal. Two complaint boxes have been fixed on prominent places in the college campus. It is ensured to keep the identity of the complainant(s) confidential wherever necessary.